BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# चारकमान में की गई महाराजा श्री अग्रसेन महाराज की प्रतिमा की पूजा-अर्चना



**हैदराबाद, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महाराजा श्री अग्रसेन की 5148वीं जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज तेलंगाना ने हैदराबाद में सभी अग्रसेन महाराज की प्रतिमाओं पर पूजा कर अग्रसेन जयंती महोत्सव की शुरुआत करने का निर्णय लिया है।

इसी क्रम में सोमवार प्रातः भगवती बाई मान्टेसरी स्कूल चारकमान में महाराजा श्री अग्रसेन महाराज की प्रतिमा की पूजा-अर्चना, माल्यार्पण एवं आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर बजरंग लाल रिकाबगंज शाखा के अध्यक्ष, शेष कुमार गोयल उर्दू शाखा के अध्यक्ष, रिंकू गर्ग राणी सती दादी घांसी बाजार महिला शाखा के अध्यक्ष, जितेंद्र मित्तल रिकाबगंज शाखा के उपाध्यक्ष, हेमा अग्रवाल राणी सती दादी महिला शाखा के उपाध्यक्ष, सुनील कुमार रिकाबगंज शाखा के मानद मंत्री, पंकज मित्तल उर्दू गली शाखा के मानद मंत्री, मोनिका अग्रवाल राणी सती दादी महिला शाखा के मानद मंत्री, धीरज गुप्ता उर्दू गली शाखा के कोषाध्यक्ष, राजेश बगड़िया रिकाबगंज शाखा के परामर्शदाता, प्रवीण गोयल, मुकेश कुमार केडिया, सीमा अग्रवाल, सविता अग्रवाल, पूनम तुलस्यान, सुशीला केडिया, कविता अग्रवाल, शिल्पा अग्रवाल आदि अग्रबन्धु उपस्थित रहे।

धीरज गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथियों के पार्टी धन्यवाद ज्ञापित किया।






शिवाजी नगर सिकंदराबाद स्थित जसोदा कुंज में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाते हुए लड्डू बबीता, आदित्य मेहुल बंग और मित्र राजेश लोया।

## ब्रह्म प्रकाश डीएवी स्कूल की छात्रा ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हासिल किया पांचवां स्थान



**हैदराबाद, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ब्रह्म प्रकाश डीएवी स्कूल मिधानि कंचनबाग की छात्रा ने विज स्पेल बी राष्ट्रीय मेगा फाइनल में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश भर के सर्वश्रेष्ठ छात्रों ने भाग लिया था। बी. श्री सहस्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन और उनके परिवार में खुशी की लहर है। ब्रह्म प्रकाश डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य वी एस प्रशांत जी ने कहा यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारी छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाई है। हम बी. श्री सहस्रा को उनकी इस उपलब्धि के लिए हृदय से बधाई देते हैं। बी. श्री सहस्रा की इस सफलता ने स्कूल और शहर का मान बढ़ाया है। हमें विश्वास है कि वह भविष्य में भी ऐसी ही उपलब्धियां हासिल करेंगी।



हिल रिज स्प्रिंग्स गच्ची बावली में गणेश विसर्जन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। जिसमें वसुधैव कुटुंबकम के केपी अग्रवाल, भगवान लोहिया, गीता अग्रवाल, जयश्री लोहिया, आशा अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, राज माथुर, कमलेश अग्रवाल आदि ने बड़े ही उत्साह पूर्वक भाग लिया।



आदर्श लॉरी ओनर ऐसोसिएशन द्वारा 49वां गणेश उत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से वाईएमसीए सिकंदराबाद में किया गया। आज सोमवार को अन्नदानम किया गया। इस मौके पर आदर्श लारी ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष मोतीयालू,पूर्व अध्यक्ष एम नरसिम्हा, महासचिव पेंटेश, उपाध्यक्ष बिनय कुमार यादव, रमेश जैन, श्रीनिवास, जितेन्द्र गुप्ता, यादगिरी, नर्सिंग राव एवं भारी मात्रा में पूर्व पदाधिकारी और भारी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया।

# जन सेवा संघ संचालन समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**हैदराबाद, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जन सेवा संघ के महासचिव राजीव चौबे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, संचालन समिति और छठ पूजा घाट प्रभारियों की बैठक का आयोजन जुबली हिल्स स्थित प्रशासन नगर कमेटी क्लब में किया गया। जन सेवा संघ के वी के सिंहने सभा का संचालन किया। तत्पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों से चर्चा करते हुए विकास कार्यों की जानकारी सभी सदस्यों को प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने बताया कि सीताराम ठाकुर ने सभी संचालन समिति के प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में सभा का आयोजन करने के लिए अनुरोध किया है अतः सभी को अपने-अपने क्षेत्र में जल्दी बैठक का आयोजन करना है। किसी भी अति आवश्यक परीस्थिति में यह 4 सदस्य उपस्थित रहेंगे जिनमें सीताराम ठाकुर, राजीव चौबे, राधे श्याम राय यादव, बिनीत सिंह। हर महीने में क्षेत्रीय सभा का आयोजन करना है, प्रत्येक संचालन समिति के सदस्य को पांच दानदाताओं के नाम देना है। हर गुरुवार को दोपहर 3:30 बजे से खैराताबाद केंद्रीय कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। नेकलेस रोड छठ पूजा घाट की निगरानी हरि सिंह, सुशील श्रीवास्तव, एस पी सिंह, सीताराम ठाकुर, गोविंद तिवारी करेंगे। नेकलेस रोड घाट पर स्वयं सेवकों की नियुक्ति की जाएगी, प्रत्येक छठ पूजा घाट को रिसिप्ट दिया जाएगा और स्पॉन्सर के लिए प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय समिति नेकलेस रोड घाट पर ओपन ऑक्शन का आयोजन करेगी। दिसंबर में फूड फेस्टिवल का आयोजन क्लासिक गार्डन सिकंदराबाद में किया जाएगा। सभी मंत्रियों को निमंत्रण दिया जाएगा। सुनील श्रीवास्तव को नेकलेस रोड छठ पूजा में स्पॉन्सरशिप बैनर की देखरेख की जिम्मेदारी दी गई। यह निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को छठ पूजा प्रभारी की बैठक का आयोजन किया जाएगा। जन सेवा संघ के अध्यक्ष आर पी सिंह ने बताया कि सभी सदस्य एकजुट होकर बहुत ही बढ़िया कार्य कर रहे हैं और सभी को ऐसे ही निरंतर कार्य करते रहना है।

आज जन सेवा संघ शहर के सभी लोगों और सरकार में एक छाप छोड़ चुका है, उन्होंने 6 दानदाताओं की सूची साझा की। जन सेवा संघ के महासचिव राजीव चौबे ने बताया कि हमें नेकलेस रोड छठ पूजा घाट पर प्रवेश द्वार को बड़ा करना चाहिए ताकि लोग आसानी से प्रवेश कर सके कोई भगदड़ न मचे। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि सभी लोग 5 से 10 दानदाताओं के नाम जल्द से जल्द दें, अपने तरफ से 10 दानदात-ाओं के नाम सभी के साथ साझा किया, उन्होंने सभी सदस्यों और देशवासियों को गणेश उत्सव पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों से संस्था को मजबूत बनाने के लिए कर्मठता से कार्य करने का आग्रह किया। जन सेवा संघ के कोषाध्यक्ष बिनीत सिंह ने बताया कि सभी सदस्यों के सहयोग से संस्था निरंतर आगे बढ़ती जा रही है और ऐसे ही आगे बढ़ती जाएगी। सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि हमें एक महीने पहले ही जन सेवा संघ के प्रोटोकॉल बनाकर सभी को अवगत कराना चाहिए। संजय भगत ने बताया कि वह जल्द ही उप्पल में क्षेत्रीय अध्यक्ष के साथ मिलकर बैठक का आयोजन करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि हेमा नगर छठ पूजा घाट मत्स्य विभाग के अंतर्गत आने के कारण छठ पूजा में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एल एम चौधरी ने बताया कि सभी घाटों पर समय से पहले अनुमति आवेदन पत्र दे देना है। बसंत सोलंकी ने बताया कि पिछले वर्ष संगारेड्डी छठ पूजा घाट पर कलेक्टर और कमिश्नर ने भाग लिया था।

विभिन्न सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जन सेवा संघ के वी के सिंह, आर पी सिंह, गोविंद तिवारी, राजीव चौबे, बिनीत सिंह, हरेन्दर चौबे, सीताराम ठाकुर, राधे श्याम राय यादव, एल एम चौधरी, संजय कुमार भगत, बसंत सोलंकी, हरी सिंह, सुशील श्रीव-ास्तव, सुनील श्रीवास्तव, बिपीन पासवान, एम डी मुन्नाव्वार, सुबोध कुमार सिंह, रूपक कुमार, अरुण यादव, मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।



रविवार रात जियागुड़ा डिवीजन के नगरसेवक बोहिनी दर्शन, नव भारत संघम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण ने जियागुड़ा डिवीजन में इमामपुरा नव भारत संघम द्वारा आयोजित गणेश मंडपम में विशेष पूजा की। कार्यक्रम में समाज के प्रतिनिधि जी. विनय कुमार, एम. महेश बाबू, वाई. जसवन्त कुमार, एम. सुदर्शन, ए. गौतम, एस. अर्जुन, एम. नरेश, ई. ईशवंत कुमार, सी. नरसिंग राव और अन्य लोग शामिल हुए।




गणेश चतुर्थी के अवसर पर न्यू क्रांति संगम युवा क्लब द्वारा नगर खाना रोड पर गणेश पंडाल स्थापित किया गया। इस अवसर पर आयोजित पूजा में उपस्थित सुनील साहू, गोपाल राव, पवन.पी, कमल महाराज, अनिल कुमार, देवेंद्र, प्रभाकर और अन्य।



फीलखाना स्थित इलेवन टायगर फ्रेंड्स क्लब द्वारा भव्य गणेश प्रतिमा के पण्डाल पर पूजा कर दर्शन करते मधु उपाध्याय, रामदेव नागला,श्याम सुन्दर व्यास (भाऊ), आनन्द उपाध्याय, श्रीराम तिवारी, संजू व्यास, मुरारी तिवारी एवं गुल्लु तिवारी।



श्री एकदंत यूथ एसोसिएशन शिवारामपल्ली द्वारा आयोजित विशेष पूजा अर्चना करते हुए रामविलास चौबे, आशा चौबे, आकाश चौबे, पंडित गणेश जोशी जी व भक्तगण।



सुल्तान बाजार गणेश मंडप में एडवोकेट प्रदीप पार्थानी, एडवोकेट हरिप्रसाद, रामलाल, बट्टू नागेश्वर राव का स्वागत करते हुए गनफाउंड्री डिवीजन बीआरएस के वरिष्ठ नेता आशीष पंडित एवं एंटो डेमोंटे।




जियागुड़ा डिवीजन के नव भारत संघम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण ने अपने निवास पर विनायक मंडपम स्थापित किया। 9 दिनों की अंतिम पूजा, आरती, भव्य पूजा के बाद टैंकबंड नेकलेस रोड नंबर 1 काउंटर के माध्यम से प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर मधिरा माधवी, मधिरा दीपक, मधिरा ध्रुविका और परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## अग्रोहा बैंक की 25वीं वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

# अंशधारकों को 10 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा




**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रोहा को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड की 25वीं वार्षिक साधारण सभा की सभा चिराग अली लेन स्थित होटल रायलटन में संपन्न हुई जिसमें अंशधारकों को 10 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की गई। बैंक की 25वीं वार्षिक साधारण सभा को संबोधित करते हुए चेयरमैन रतन गुप्ता ने बताया कि विश्व में सामाजिक-आर्थिक वातावरण पर नजर डालें तो वैश्विक स्तर पर आर्थिक स्थिति खराब रही क्योंकि रूस ने यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर आक्रमण किया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में यह सबसे बड़ा संघर्ष है। रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय तक युद्ध चलने से विश्व अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लगा है। मेडिकल कोर्स की पढ़ाई कर रहे भारत के छात्र विस्थापित हो गए। इसी प्रकार अर्थव्यवस्था और बैंकिंग उद्योग पर एक नज़र डालें तो भारतीय अर्थव्यवस्थालगातार आगे बढ़ रही है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2023-24 में 7.2 प्रतिशत है और 2025 में 6.6 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। आरबीआई ने ब्याजदर को 6.75 प्रतिशत पर बनाए रखा है। रेपो दर 3.35 प्रतिशत पर है। इसके अलावा, सरकार ने 29 सितंबर 2020 को बैंकिंग विनियमन (संशोधन) अधिनियम 2020 पारित किया, जिससे आरबीआई को बेहतर प्रशासन के लिए यूसीबी पर अधिक अधिकार देने का अधिकार मिला। वर्तमान में आरबीआई सहकारी बैंकिंग द्वारा अपनाए जाने वाले वैधानिक मानदंडों को लागू करने के लिए बहुत उत्सुक है। किसी भी उल्लंघन के लिए आरबीआई मौद्रिक दंड लगा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां तक अग्रोहा बैंक की बात है तो आपके बैंक का जमा आधार लगातार बढ़ रहा है और बैंक तीव्र गति से विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। सभी वित्तीय मानदंडों में सकारात्मक वृद्धि के संकेत हैं। बैंक ने सफलतापूर्वक सभी डिजिटलीकरण कार्य पूरे कर लिए हैं। डिजिटलीकरण के मामले में बैंक किसी भी अन्य बैंक के समकक्ष है।बैंक में सभी प्रकार के ई-कॉम लेनदेन, ऑनलाइन भुगतान, शॉपिंग, टिकट होटल बुकिंग, यूटिलिटी बिल भुगतान, पॉस मशीन, आईएमपीएस (मोबाइल बैंकिंग) के लिए डेबिट कार्ड के साथ रुपे है। हमनें सफलतापूर्वक यूपीआई (गूगल पे, फोन- पे, व्हाट्सऐप पे, एयरटेल पे) लांच किया। हम बचत खाते (एसबी) और चालू खाते (सीए खातों) को व्यक्तिगत चेक बुक जारी कर रहे हैं।चेयरमैन रतन गुप्ता ने बैंक के सम्मानित सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बैंक वित्तीय रूप से बहुत मजबूत है और हम आरबीआई (वित्तीय रूप से मजबूत और अच्छी तरह से प्रबंधित बैंक) द्वारा निर्धारित एफएसडब्ल्यूएम के मानदंडों को पूरा कर रहे हैं। बैंक आरबीआई द्वारा निर्धारित सभी वैधानिक मानदंडों का पूरी तरह से पालन कर रहा है। चेयरमैन रतन गुप्ता ने कहा कि बैंक ने अपनी रजत जयंती पूर्ण की है। उन्होंने बैंक के वर्ष 2022-23 के आंकड़ों की वर्ष 2023-24 के आंकड़ों से तुलना करते हुए बैंक की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बैंक की जमा राशि वर्ष 2022-23 को 5909.77 लाख रुपये से बढ़कर वर्ष 2023-24 को 7357.68 लाख रुपये तक पहुंचाते हुए इसमें 24.50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की। बैंक का एडवांस भी 3710.05 लाख रुपये से बढ़कर 4980.31 लाख रुपये तक पहुंचाते हुए इसमें 34.24 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गयी। बैंक का कर पूर्व लाभ 82.44 लाख रुपये से 98.92 लाख रुपये तक पहुंचाते हुए इसमें 19.94 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। बैंक का कर पूर्व लाभ गत वर्ष के 60.93 लाख रुपये से बढ़कर 73.99 लाख रुपये तक पहुंचाते हुए इसमें 21.43 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गयी। उन्होंने कहा कि बैंक के निदेशक मंडल ने अंशधारकों को 10 प्रतिशत लाभांश देने का प्रस्ताव रखा है। बैंक का स्लोगन द मिलेनियम बैंक को पूर्ण रूप से चरितार्थ कर रहा है। बैंक का सीडी रेशियो 68.07 प्रतिशत एवं सकल एनपीए 1.64 प्रतिशत और शुद्ध एनपीए शून्य प्रतिशत है। उन्होंने शेयरधारकों, ग्राहकों, जमाकर्ताओं, शुभचिंतकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से बैंक गौरवशाली पथ पर आगे बढ़ रहा है। हम भारतीय रिजर्व बैंक, तेलंगाना सरकार के सहकारिता विभाग, तेलंगाना राज्य सहकारी बैंक महासंघ और बैंकर्स (एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक,आईसीआईसीआई बैंक) के अधिकारियों का भी सहयोग के लिए आभार व्यक्त करतेहैं। मेसर्स अनंत राव एंड मलिक, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के सीए वी. अनंत राव औरसीए सौरव को बैंक के वैधानिक लेखा परीक्षण के दौरान उनके बहुमूल्य मार्गदर्शनके लिए विशेष आभार व्यक्त करते हैं। ऋषभ अग्रवाल को समवर्ती लेखा परीक्षाके संचालन के लिए धन्यवाद देते हैं। सबसे बढ़कर हमारे प्रमोटर शरद बी. पित्ती केबहुमूल्य मार्गदर्शन से बैंक लगातार प्रगति कर रहा है और सभी स्टाफ सदस्यों कोउनकी कुशल मेहनत और ग्राहक सेवा के लिए आभार व्यक्त करते हैं। अवसर पर संस्थापक चेयरमैन शरद बी. पित्ती ने भी अपने विचार रखे औरबैंक में सहयोग करने वाले निदेशक मंडल, स्टाफ, अंशधारक तथा शुभचिंतकों काआभार प्रकट किया। अवसर पर अंशधारकों की शंकाओं का समाधान कियागया। सभा में बैंक के संस्थापक पिलर्स एवं पहले चयनित बोर्ड के अंतर्गत संस्थापकचेयरमैन शरद बी. पित्ती, बद्रीविशाल बंसल, बिनोद सितानी, लक्ष्मी निवास शर्मा, मोहनलाल अग्रवाल, नरेश टिबरेवाल, ओ.पी. गोयनका, राजेश कुमार अग्रवाल, राजेन्द्र कुमार संघी, रतन गुप्ता, रतन केड़िया, संजय कुमार अग्रवाल, सुभाष गोयल, सुनील कुमार पाटोदिया, सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल, विनय सी. अग्रवाल, विनय एस अग्रवाल एवं विनोद अग्रवाल सहित 20 वर्ष से अधिक सेवा देने वाले वाई सुरेश कुमार प्रबंधक (प्रशासन), टी. पद्मावती प्रबंधक (लोन), एस. पर्वतलू सब स्टाफ, संतोष पंवार सब स्टाफ, 15 से 20 साल तक सेवा करने वाले जी. प्रेमलता (जूनियरऑफिसर), सी. रेणुका, 10 से 15 वर्ष सेवा देने वाले बी. विनय कुमार, वी. श्रीनाथ,श्रीकला, बी. अंजना देवी, 5 वर्ष तक सेवा देने वाले सीईओ नंदकिशोर बाहेती,महाप्रबंधक वारिजा कुलकर्णी, उप महाप्रबंधक मनीषा राठी, वरिष्ठ अधिकारीएम. श्रीकांत, सहायक प्रबंधक स्वप्न प्रिया, जूनियर आफिसर जी. कावेरी का निदेशक मंडल द्वारा स्वागत किया गया। बैंक के सीईओ नंदकिशोर बाहेती ने कार्यवाही चलाते हुए सभा के एजेंडे को पारित करवाया। वाइस चेयरमैन विजय गुप्ता ने आभार प्रदर्शन किया। अवसर पर संस्थापक चेयरमैन शरद बी. पित्ती, चेयरमैन रतन गुप्ता, वाइस चेयरमैन विजय गुप्ता, निदेशक अजीत गुप्ता, गोपाल मोर, कैलाशचंद केडिया, किरण प्रकाश, लक्ष्मीनिवास शर्मा, पूजा राणासरिया, प्रदीप कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार गोयल, उदय मोर, उर्मिला अग्रवाल, विनय सी. अग्रवाल, सीईओ नंदकिशोर बाहेती व पूर्व निदेशक, अंशधारक उपस्थित थे।

## अग्रवाल समाज जॉब मेला को अंतिम रूप देने के लिए परामर्शदाताओं के साथ बैठक



**हैदराबाद, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महाराजा अग्रसेन जी की 5148वीं जयंती महोत्सव के अन्तर्गत सोमवार, दि. 16 सितंबर को अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा आगामी दि. 22 सितंबर 2024 को क्लासिक गार्डन बलमराई में आयोजित किये जा रहे जॉब मेला कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए अग्रवाल समाज तेलंगाना के परामर्शदाता डॉ. मोहन गुप्ता के साथ बैठक की गई ।प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम के संयोजक प्रेम अग्रवाल और सह संयोजक ललित अग्रवाल ने कार्यक्रम की संपूर्ण रूप रेखा परामर्शदाता डॉ. मोहन गुप्ता के समक्ष प्रस्तुत की और बताया कि अभी तक लगभग रोज़गार के लिए 250 आवेदन आ चुके है और कम्पनियों के पास लगभग 300 अभियार्थियों को रोज़गार देने का प्रावधान है। जिसमें विभिन्न प्रकार के रोज़गार योग्यता के अनुसार उपलब्ध है । विज्ञप्ति में कहा गया कि जॉब देने का अंतिम निर्णय कम्पनी का होगा । अग्रवाल समाज मात्र सूत्रधार का कार्य करते हुए अभियार्थियों को जॉब मेला के रूप में एक बड़ा मंच प्रदान कर रहा है।

अवसर पर परामर्शदाता डॉ. मोहन गुप्ता ने अग्रवाल समाज की इस नई पहल की सराहना की और कहा कि समाज के बंधुओं के हित में कार्य करना ही समाज का प्रथम कर्तव्य है। मुझे प्रसन्नता है कि अग्रवाल समाज तेलंगाना सही दिशा में अग्रसर है।

## जगदीश मंदिर में महाराज अग्रसेन जी की पूजा सम्पन्न



**हैदराबाद, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री अग्रसेन जी का 5148वां जयंती महोत्सव के शुभारंभ पर श्री जगदीश मंदिर में अग्रसेन महाराज का माल्यार्पण एवं आरती की गई। इसी संदर्भ में कवयित्री भगवती अग्रवाल द्वारा श्री अग्रसेन की वीर गाथा की प्रस्तुति दी गई। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में सतवंती सरायवाला, हैदरगु ड़ा शाखा के अध्यक्ष गोपालदास अग्रवाल, मंत्री महेश कानोडिया, अनिल गुप्ता, नारायणगुड़ा शाखा के डीपी अग्रवाल, कांग्रेस पार्षद प्रेमलता अग्रवाल, अनुपमा गुप्ता, किरण अग्रवाल अध्यक्ष पैराडाइज शाखखा नीशा अग्रवाल व अन्य उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद सेंटेंनियाल की अयोध्या-वाराणसी तीर्थ यात्रा सम्पन्न



**हैदराबाद, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रोटरी क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3150 के अंतर्गत रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद सेंटेंनियाल द्वारा तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया।यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति में क्लब के सोशल मीडिया डायरेक्टर पारस डोसी ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद सेंटेंनियाल विगत 20 वर्षों से समाज व क्लब हित में विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है जिसमें- इस वर्ष 2024-25 के क्लब अध्यक्ष रोटेरियन पराग शाह के अध्यक्षता में गत महीनों में श्रीमती माधवी लता द्वारा संचालित विभिन शिक्षण संस्थानों में बच्चों के लिए करीब 5000 पाट्य पुस्तकें वितरित की गई। उन्होंने आगे बताया कि प्रति वर्ष क्लब सदस्यों द्वारा स्पिरिचुअल (धार्मिक) यात्रा आयोजित की जाती है। इस वर्ष भी अध्यक्ष रोटेरियन पराग शाह के नेतृत्व में करीब 28 सदसयों का ग्रुप श्री राम जन्म भूमि मंदिर, अयोध्या एवं महादेव श्री शिवजी का काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी के दर्शन के लिए गत 12 सितंबर, 2024 को हैदराबाद से चार दिवसीय हवाई यात्रा द्वारा प्रस्थान किया और 15 सितंबर को वापसी हुए। क्लब के सदस्यों- पराग-सिंथिया शाह, पारस-विजयलक्ष्मी डोसी, रामराज-दीप्ति खतरी, दिवाकर-उषा प्रभाकर, गोविद-राखी अग्रवाल, रविन्दर-सुधा बोग-गरापु, चेतन-मधु,राजेश-सीमा अग्रवाल, महावीर-मंजु जैन, अनिल-सुमनलता कोठा, सुरेश-शारदा बटचु, वैभव-पायल गुप्ता, सुधीर-सुषमा पित्ती व दीपक-रंजना पित्ती ने यात्रा दौरान अयोध्या व वाराणसी के विभिन मंदिरों के दर्शन का लाभ लेते हुवे गंगा घाट पर भव्य गंगा आरती का लाभ भी लिया। यात्रा को सफल बनाने में राजेश अग्रवाल, दिवाकर प्रभाकर, वैभव गुप्ता व पारस डोसी ने विशेष भूमिका निभायी और साथ ही सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग दिया।

## अग्रवाल समाज तेलंगाना का खेल कूद कार्यक्रम सफलता से सम्पन्न



**हैदराबाद, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 5148वीं महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के संदर्भ में सोमवार को अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा चेस एवं कैरम प्रतियोगिता का आयोजन अग्रवाल समाज बैंक्वेट हॉल सिकंदराबाद में किया गया । प्रतियोगिता में 06 से 70 वर्ष की आयु तक वाले कुल 110 प्रतियोगियों ने भाग लिया। चेस में 300 और कैरमबोर्ड प्रतियोगिता में 100 मैच कराए गए। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के परामर्शदाता डॉ. मोहन अग्रवाल ने अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों साथ कैरमबोर्ड का आनंद लिया। उक्त खेलों का आयोजन अग्रवाल समाज स्पोर्ट्स कमेटी एवं मानसरोवर शाखा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के परामर्शदाता डॉ. मोहन गुप्ता, अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुरशोत्तम अग्रवाल, मानद मंत्री कपूरचंद,सह मंत्री श्रीमति कंचन अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल स्पोर्ट्स कमेटी चेयरमैन राकेश जालान, वाईस चेयरमैन आशीष दोचनिया, अचल गुप्ता, लोकेश संघाई मानसरोवर शाखा से अध्यक्ष नीरज मोर, रोहित जैन, मनीष ड्रोलिया, मुकेश अग्रवाल, सत्प्रकाश बंसल, राजेश सराफ़, अविरल बंसल, नितिन सुरेका, निर्मल अग्रवाल, हितेश अग्रवाल, अरविंद सराफ़ ईशिता डालिया आदि उपस्थित थे।

चेस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में उपवन अग्रवाल ने प्रथम, ऋषि राज सिंगनोडिया ने द्वितीय पुरस्कार, महिला वर्ग में वेदिका अग्रवाल ने प्रथम और यशवी अग्रवाल द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।कैरम प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से सुशील गुप्ता ने प्रथम, संदीप चौधरी ने द्वितीय तथा महिला वर्ग से कमलेश मित्तल ने प्रथम, प्रभा अग्रवाल ने द्वितीय पुरुस्कार प्राप्त किया।अग्रसेन जयंती महोत्सव के प्रधान संयोजक पुरशोत्तम अग्रवाल ने आयोजन समिति के सफल आयोजन पर प्रशंसा करते हुआ कहा कि हर शाखा को मानसरोवर शाखा की ओर से समाज कार्य में आगे आना चाहिए। इस वर्ष गत वर्ष की तुलना में प्रतियोगिता में अधिक प्रतियोगियाओं ने भाग लिया है।



भारतरत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जयंती स्मारक पुरस्कार इंजीनियर डॉ. पुप्पला अनिल कुमार, प्रिंसिपल, कमला नेहरू पॉलिटेक्निक फॉर विमेन, हैदराबाद, इंजीनियर डॉ. मेदिशेट्टी नागरत्ना, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में प्रोफेसर और परीक्षा नियंत्रक, जेएनटीयूएच, हैदराबाद और इंजीनियर पुप्पला परमेश्वर राव, प्रिंसिपल, सेवानिवृत्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हैदराबाद को लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद रॉयल के लायन वैला श्रीनिवास राव और लायन अकुला रविंदर राव द्वारा सम्मान किया गया।



शांति गणेश मंडप, जियागुड़ा द्वारा स्थापित गणेश जी पूजा-अर्चना करते जुए मान्वी, राजवीर, मुसकान ज्ञ आशु।

## अखंड रामचरितमानस पारायण पाठ जारी

**हैदराबाद, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री जगन्नाथ मठ माधव दास जी का तत्वावधान में श्री रंगनाथ मंदिर नैमिषारण्य धाम में अष्टाव वैकुंठ तीर्थ प्रदेश में एक वर्षीय द्वितीय अखंड रामचरितमानस पारायण पाठ का आयोजन जारी है। मंगलाशाशन श्रीश्रीश्री चिन्ना रामानुज जियर स्वामीजी और प्रेरणास्रोत वैकुंठवासी व्रथधर नारायण रामानुज जीयर स्वामीजी के आशिर्वाद तथा मुख्य यजमान माता अरुणा किशोर अग्रवाल परिवार द्वारा प्रतिदिन अपने परिवार के द्वारा एवं सभी को अवगत करा कर उक्त पुण्य रामचरितमानस पारायण पाठ में अपना नाम अंकित करवा रही है ।

उक्त कार्यक्रम को प्रत्यक्ष रूप में श्री जगन्नाथ मठ महंत एवं रंगनाथ मंदिर के संचालक अच्युत रामानुजाचार्य के द्वारा सभी भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया जा



रहा है। तीर्थ में अन्नदान में भक्तों द्वारा संकल्प लेकर प्रसाद ग्रहण कराया जा रहा है । मार्गदर्शन के रूप में शोभाचंद शिवराम लोया, कैलाश नारायण भांगड़िया, गोपाल सोनी, दीन बंधु अग्रवाल, वीना काबरा, नीरज यादव, द्वारका प्रसाद शर्मा, रमेश गुप्ता, परमानंद बंसल, नीरज सिंह यादव, नारायण दास असावा एवं श्री जगन्नाथ मठ परिवार कर रहे हैं।

**CHANGE OF NAME**

I, Service No. JC732524F Sub/SKT(MT) Lokesh Kumar of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana India hereby state that my son name is changed from **KIRISH KUSHWAHA** to **KRISH KUSHWAHA**.

शुभ लाभ

राजीव गांधी की प्रतिमा लगाने पर केटीआर ने कांग्रेस पर बोला हमला, कहा

# कांग्रेस ने तेलंगाना के स्वाभिमान का किया अपमान



**हैदराबाद, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष कलवकुंतला तारक रामा राव (केटीआर) ने कांग्रेस सरकार के उस फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई है, जिसमें तेलंगाना तल्ली (मां तेलंगाना) की प्रतिमा की जगह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा लगाने का फैसला किया गया है। यह मूर्ति राज्य सचिवालय और तेलंगाना शहीद स्मारक के बीच लगाई जानी थी। उन्होंने कांग्रेस पर तेलंगाना की पहचान और इतिहास का अनादर करने का आरोप लगाया और इसे लोगों और राज्य के लिए उनके संघर्ष का सीधा अपमान बताया।

केटीआर ने सोमवार को एक बयान में इस कदम की निंदा करते हुए इसे तेलंगाना की पहचान को कमजोर करने वाला शर्मनाक कृत्य बताया। उन्होंने बीआरएस समर्थकों से मंगलवार को राज्य भर में स्थित सभी तेलंगाना तल्ली की प्रतिमाओं पर पलाभिषेक (पारंपरिक अनुष्ठान) करके विरोध जताने का आह्वान किया। उन्होंने बीआरएस कार्यकर्ताओं और तेलंगाना समर्थकों से इस फैसले के खिलाफ अपनी असहमति जताने का आग्रह किया। उनका मानना है कि यह तेलंगाना तल्ली के प्रतीकवाद का अपमान करता है।

केटीआर ने कहा कि तेलंगाना तल्ली के लिए बने स्थान पर श्री गांधी की प्रतिमा लगाने से पूरा तेलंगाना समाज बहुत आहत है। उन्होंने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से इस गलती को तुरंत सुधारने का आग्रह किया और चेतावनी दी कि अगर इसे ठीक नहीं किया गया तो तेलंगाना के लोग इसका उचित जवाब देंगे। उन्होंने कहा चार करोड़ लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक तेलंगाना तल्ली की प्रतिमा को मूल रूप से तेलंगाना शहीद स्मारक अमरज्योति और तेलंगाना राज्य सचिवालय के पास लगाने की योजना थी। हालांकि, केटीआर ने कहा कि कांग्रेस जो स्वार्थी राजनीति के लिए जानी जाती है, उसने इतने महत्वपूर्ण स्थान पर राजीव गांधी की प्रतिमा स्थापित करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, वहां राहुल गांधी के पिता की प्रतिमा लगाकर कांग्रेस ने तेलंगाना के स्वाभिमान का अपमान किया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बीआरएस को श्री गांधी की प्रतिमा स्थापित करने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वे तेलंगाना तल्ली के लिए निर्धारित स्थान पर इसकी स्थापना का विरोध करते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने जुलाई 2023 में तेलंगाना तल्ली प्रतिमा के लिए इस स्थान का चयन किया था, जिसे तेलंगाना के लोगों ने व्यापक रूप से स्वीकार किया था। उन्होंने आश्वासन दिया कि बीआरएस के सत्ता में लौटने पर श्री गांधी की प्रतिमा को पूरे सम्मान के साथ गांधी भवन में स्थानांतरित किया जाएगा और तेलंगाना तल्ली की प्रतिमा को उसके सही स्थान पर स्थापित किया जाएगा। केटीआर ने दोहराया कि बीआरएस लंबे समय से कांग्रेस द्वारा दिल्ली के नेताओं की स्वीकृति के लिए तेलंगाना के स्वाभिमान से समझौता करने के बारे में चेतावनी देती रही है। उन्होंने निराशा व्यक्त की कि श्री रेड्डी तेलंगाना के लोगों की भावनाओं पर दिल्ली के आकाओं की इच्छाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग राजनीतिक लाभ के लिए तेलंगाना की पहचान से समझौता करेंगे, उन्हें राजनीतिक नतीजे भुगतने पडेंगे। उन्होंने कहा कि बीआरएस एकमात्र ऐसी पार्टी है जो तेलंगाना की पहचान और हितों के लिए लड़ने की बाबत प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी लोगों के कल्याण के लिए खड़ी है, न कि दिल्ली के आकाओं की मंजूरी के लिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि बीआरएस तेलंगाना के हितों की रक्षा करने वाली ढाल बनी रहेगी।

# सीएम रेंवत ने सचिवालय में राजीव गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया



**हैदराबाद, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सोमवार शाम राज्य सचिवालय में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। समारोह में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह कार्यक्रम एक राजनीतिक मंच नहीं था, लेकिन उन्होंने इस अवसर का उपयोग चल रहे विवादों और आलोचनाओं को संबोधित करने के लिए किया।

अपने भाषण के दौरान रेड्डी ने कांग्रेस की आलोचना करने वालों पर निशाना साधा, खासकर जिसे उन्होंने वंशवादी राजनीति कहा। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता और राष्ट्र-निर्माण के लिए नेहरू-गांधी परिवार द्वारा किए गए बलिदानों पर प्रकाश डाला और देश में उनके योगदान के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसी हस्तियों की प्रशंसा की।रेड्डी ने कहा नेहरू की विरासत में 563 रियासतों का विलय और भारत की अखंडता को संरक्षित करना शामिल है, जबकि इंदिरा गांधी आज भी बैंकों के राष्ट्रीयकरण, भूमि के पुनर्वितरण और शाही विशेषाधिकारों को समाप्त करने के लिए गरीबों द्वारा पूजनीय हैं। राजीव गांधी, जिन्होंने एक महत्वपूर्ण समय में प्रधान मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला, ने 18 साल के युवाओं को मतदान का अधिकार दिया, स्थानीय शासन को सशक्त बनाने के लिए संवैधानिक संशोधनों की शुरुआत की और एक तकनीकी क्रांति लाई।

विपक्ष की तीखी आलोचना करते हुए उन्होंने टिप्पणी की, जिन लोगों ने पांच साल में एक महिला को कैबिनेट सीट तक नहीं दी, उन्हें महिलाओं के आत्मसम्मान की कोई समझ नहीं है। राजीव गांधी की नीतियों ने महिलाओं को सशक्त बनाया, उन्हें स्थानीय संस्थानों में प्रतिनिधित्व दिया। मुख्यमंत्री ने प्रतिमा की स्थापना को लेकर विशेष रूप से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेताओं की आलोचना को भी संबोधित किया। रेड्डी ने आश्वासन दिया कि 9 दिसंबर तक सचिवालय में तेलंगाना तल्ली (तेलंगाना मां) की एक प्रतिमा स्थापित की जाएगी, साथ ही चेतावनी दी कि राजीव गांधी की विरासत का विरोध करने वालों को राजनीतिक परिणाम भुगतने होंगे। रेड्डी ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने राज्य के वास्तविक हितों की उपेक्षा करते हुए व्यक्तिगत संपत्ति अर्जित करने में सत्ता में दस साल बिताए हैं। उन्होंने तेलंगाना के लोगों से सतर्क रहने और उन लोगों को राज्य का शोषण करने से रोकने का आग्रह किया, जिन्हें वे टिड्डी सेना कहते हैं।

# नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस के सिकंदराबाद स्टेशन पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

## तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, जी. किशन रेड्डी, केंद्रीय मंत्री, कोमाटि रेड्डी वेंकटरेड्डी, सड़क एवं भवन मंत्री तेलंगाना और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहे



**हैदराबाद, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार 16 सितंबर को अहमदाबाद से रिमोट वीडियो लिंक के माध्यम से नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने विभिन्न गंतव्यों के लिए कुल छह वंदे भारत ट्रेनों और एक नमो भारत रैपिड रेल को हरी झंडी दिखाई।

तदनुसार, नागपुर स्टेशन से आने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के स्वागत के लिए सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर एक औपचारिक समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, जी. किशन रेड्डी, केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री, कोमाटि रेड्डी वेंकटरेड्डी, सड़क और भवन मंत्री, तेलंगाना और अन्य गणमान्य व्यक्ति सिकंदराबाद स्टेशन पर इस अवसर पर उपस्थित थे। अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, एससीआर, भारतेश कुमार जैन, मंडल रेल प्रबंधक, सिकंदराबाद मंडल और वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए, जिष्णु देव वर्मा, राज्यपाल, तेलंगाना ने कहा कि आज रेल बुनियादी ढांचे के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि तेलंगाना राज्य को महाराष्ट्र से जोड़ने वाली पहली वंदे भारत ट्रेन शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत यात्रियों के लिए तेज़ और आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करते हुए दोनों राज्यों के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि यात्रियों की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए ट्रेन उन्नत सुरक्षा मानकों, सीसीटीवी कैमरों और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। राज्यपाल ने कहा कि हाल के वर्षों में, तेलंगाना राज्य ने रेल बुनियादी ढांचे के विकास में एक आदर्श बदलाव देखा है।

उन्होंने कहा कि राज्य को करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष (2024-25) के लिए 5,336 करोड़ रुपये है जो वर्ष 2014-15 की तुलना में 20 गुना अधिक है। इसके अलावा, राज्यपाल ने कहा कि भारतीय रेलवे ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तेलंगाना राज्य में 40 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल स्टेशनों को सौंदर्यपूर्ण स्वरूप मिलेगा बल्कि आधुनिक यात्री सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर बोलते हुए, केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि तेलंगाना और महाराष्ट्र राज्यों को जोड़ने वाली पहली वंदे भारत ट्रेन को आज प्रधान मंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना क्षेत्र में यह 5वीं वंदे भारत ट्रेन है। उन्होंने कहा कि नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस से दोनों राज्यों के बीच व्यापार और पर्यटन में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन उत्तरी तेलंगाना क्षेत्र के लोगों को नागपुर या सिकंदराबाद की ओर आसानी से यात्रा करने की सुविधा भी प्रदान करेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 720 करोड़ की लागत से रुपये की लागत से सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है।

काम तेजी से चल रहा है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि चेरलापल्ली रेलवे टर्मिनल को लगभग 415 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। और काम पूरा होने वाला है। उन्होंने यह भी कहा कि काजीपेट में रेलवे विनिर्माण इकाई का काम लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य में चल रही रेलवे परियोजनाओं की कुल लागत 32,946 करोड़ है। उन्होंने कहा, चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए तेलंगाना को 5,336 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट आवंटित किया गया है। तेलंगाना के सड़क एवं भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकटरेड्डी ने कहा कि आज तेलंगाना क्षेत्र ने नवीन सुविधाओं और अत्याधुनिक तकनीक के साथ एक और वंदे भारत ट्रेन का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सिकंदराबाद-नागपुर वंदे भारत ट्रेन से न केवल जुड़वां शहरों के लोगों को बल्कि रामागुंडम और काजीपेट के यात्रियों को भी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पूरी तरह से एसी ट्रेन यात्रियों के लिए एक शानदार और आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा, वंदे भारत ट्रेन विशेष रूप से लगातार यात्रा करने वाले यात्रियों, आईटी पेशेवरों, व्यापारियों, व्यापारियों और पर्यटकों के लिए उपयोगी होगी। उन्होंने कहा कि यह तेलंगाना क्षेत्र के लिए 20 कोच वाली पहली वंदे भारत ट्रेन भी है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन नागपुर, सेवाग्राम, चंद्रपुर, बल्हारशाह, रामागुंडम और काजीपेट और सिकंदराबाद के लोगों के लिए फायदेमंद होगी। उन्होंने कहा कि इस दिशा में अन्य ट्रेनों की तुलना में यह इस मार्ग पर सबसे तेज़ ट्रेन है और इसमें यात्रा का समय सबसे कम है।

# हैदराबाद में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियां पूरी : प्रभाकर



**हैदराबाद, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने सोमवार को कहा कि हैदराबाद और सिकंदराबाद शहरों में मंगलवार को गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

श्री प्रभाकर ने आज खैरताबाद महागणपति स्थल का दौरा कर विसर्जन की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि पहली बार मंडपों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई गई है। पूजा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भक्ति के साथ आयोजित किए गए हैं। भक्तों से शांतिपूर्वक उत्सव मनाने का आग्रह किया गया है, क्योंकि विसर्जन या निमज्जनम कल के लिए निर्धारित है।उन्होंने कहा कि हैदराबाद में मोबाइल सहित 360 क्रेनें लगाई गई हैं तथा निर्दिष्ट क्षेत्रों में इस प्रक्रिया का प्रबंधन करने के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त किए गये हैं। श्री प्रभाकर ने लोगों से किसी भी समस्या की सूचना अधिकारियों को देने के लिये कहा। खैरताबाद में 70 फुट ऊंची भगवान गणेश की प्रतिमा की शोभायात्रा मंगलवार सुबह शुरू होगी और दोपहर तक इसे हुसैन सागर के पानी में विसर्जित कर दिया जाएगा।

# मशहूर हस्तियों और उद्योगपतियों ने बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए सीएमआरएफ में दिया योगदान

**हैदराबाद, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना फिल्म उद्योग की मशहूर हस्तियों और उद्योगपतियों ने राज्य में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) में भरपूर दान दिया है।मेगास्टार चिरंजीवी ने सीएमआरएफ को 50 लाख रुपए का दान दिया और अपने पुत्र राम चरण की ओर से 50 लाख रुपए का योगदान दिया। पूर्व मंत्री गल्ला अरुणाकुमारी ने एक करोड़ रुपए का दान दिया तथा फिल्म अभिनेता अली ने तीन लाख रुपए का योगदान दिया। अभिनेता विश्वक सेन ने भी सीएमआरएफ को 10 लाख रुपए का दान दिया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मशहूर हस्तियों ने सोमवार को मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को यहां जुबली हिल्स स्थित उनके आवास पर दान के चेक प्रदान किए।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर विकाराबाद में तनाव

**हैदराबाद, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रविवार रात विकाराबाद जिले के पुदुर मंडल में उस समय हल्का तनाव उत्पन्न हो गया जब पुलिस ने गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर आपत्ति जताई।पुलिस के अनुसार, युवाओं के एक समूह ने जुलूस निकाला और डीजे संगीत बजा रहे थे, तभी स्थानीय उप निरीक्षक मधुसूदन रेड्डी वहां पहुंचे और संगीत बंद कर दिया। उन्होंने युवाओं से जुलूस तेजी से निकालने को कहा। डीजे सिस्टम बजाने को लेकर सब इंस्पेक्टर और स्थानीय युवकों के बीच बहस हो गई। सूचना पर पारगी सीआई श्रीनिवास राव मौके पर पहुंचे और युवाओं को शांत किया। इसके बाद उन्होंने गणेश प्रतिमा को अपने वाहन में विसर्जन स्थल पर स्थानांतरित कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं ने शिकायत की कि सब इंस्पेक्टर नशे की हालत में था और उसने प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया है।




# आंध्र प्रदेश में पटाखा बनाने वाली इकाई में विस्फोट, 14 लोग घायल

**अमलापुरम, 16 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आंध्र प्रदेश में कोनासीमा जिले के रावुलाचेरुवु में पटाखा बनाने वाली इकाई में सोमवार को हुए विस्फोट में कम से कम 14 लोग घायल हो गए, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है। पुलिस ने कहा कि जब एक घर में पटाखे बनाए जा रहे थे, तो एक जोरदार विस्फोट हुआ, जिसमें पटाखा इकाई के कर्मचारियों और कुछ पड़ोसियों सहित 14 लोग घायल हो गए। उन्हें सरकारी सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पांच घायलों की हालत गंभीर बताई गई है। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को बाद में बेहतर इलाज के लिए किम्स अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।घायलों में पटाखा इकाई के मालिक गुव्वाला नागेश्वर राव और उनके परिवार के दो सदस्य शामिल हैं। दो मंजिला इमारत, जिसमें भारी मात्रा में पटाखे बनाए जा रहे थे, विस्फोट के प्रभाव से ढह गई।

पुलिस ने कहा कि विस्फोट में पटाखा इकाई के आठ कर्मचारी घायल हो गए और उन्हें मलबे से निकाल लिया गया। विस्फोट में दो मंजिला इमारत के बगल में स्थित दो घर भी क्षतिग्रस्त हो गए। पड़ोसियों ने मीडिया को बताया कि आगामी दीपावली त्योहार के लिए पटाखे बनाने के लिए इमारत में भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ जमा किया गया था। मलबे को हटाने और मलबे में फंसे किसी व्यक्ति का पता लगाने के लिए एक उद्धोषक का उपयोग किया गया। कोनसीमा के एसपी कृष्ण राव और अमलापुरम के विधायक ए आनंद राव ने इलाके का दौरा किया। स्थानीय निवासियों ने मीडिया को बताया कि उन्होंने पटाखा इकाई के मालिकों गुव्वाला नागेश्वर राव से आवासीय क्षेत्र में पटाखा बनाने की इकाई नहीं चलाने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया क्योंकि उन्हें राजनीतिक नेताओं और अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त था।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.